# स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ,राजस्थान

**PROVINCIAL ASSOCIATION OF PRIVATE EDUCATIONAL INSTITUTIONS**

वैदिक कन्या महाविद्यालय,राजापार्क, जयपुर–302004 फोनः– 0141–2622055

email: swayamsevirajasthan@gmail.com

क्रमांक : स.से.शि.सं.सं.रा./ /2014 दिनांक : 05.11.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**

## शीतकालीन अवकाश जनवरी में करने की मांग

### शैक्षिक सत्र 1 अप्रेल से प्रारम्भ किया जाये

जयपुर। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिसम्बर के पंचांग में 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक शीतकालीन अवकाश को 1 जनवरी से 7 जनवरी तक किये जाने के कारण दर्शाया नहीं गया था।

स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष सत्यव्रत सामवेदी व मंत्री किशन मित्तल ने बताया कि 10 मार्च 2013 को शिक्षा मंत्री कालीचरण सर्राफ की अध्यक्षता में शिक्षा सचिव व संघ के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई थी उस मीटिंग में शीतकालीन अवकाश 1 जनवरी से 7 जनवरी तक किये जाने पर निर्णय लिया गया था। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से लगातार सर्दियों की छुट्टियों को जनवरी माह में बढ़ाया जाता रहा है और बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। इसी प्रकार नया शैक्षिक सत्र केन्द्रीय बोर्ड के समान 1 अप्रेल से प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया था।

स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ ने नये शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी से कहा है कि शीतकालीन अवकाश को 1 जनवरी से 7 जनवरी तक लागू किया जाये तथा शैक्षणिक सत्र राज्य में 1 अप्रेल से प्रारम्भ किया जाये।

किशन मित्तल

किशन मित्तल
मंत्री
9829523349